अंक – 94 08.11.2025 शनिवार

# कैमूर चेतना सत्र

## बिहार शिक्षा परियोजना कैमूर द्वारा सभी विद्यालयों के लिए प्रकाशित






- संपादकीय
- वन्दे मातरम का इतिहास
- प्रार्थना
- बिहार राज्य गीत
- छात्र – प्रतिज्ञा
- राष्ट्रगान
- आज का सुविचार
- दिवस विशेष
- सामान्य ज्ञान
- शब्द ज्ञान
- कंप्यूटर ज्ञान
- तर्क ज्ञान
- प्रेरक प्रसंग
- रोचक तथ्य
- बूझो तो जाने
- सुरक्षित शनिवार
- विभागीय सूचना


NOVEMBER 2025

| S | M | T | W | T | F | S |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 1 |
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 |
| 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 | 29 |
| 30 | | | | | | |





**परिकल्पना सहयोग :**
चेतना - सत्र संसाधन निर्माण कोषांग
**प्रकाशक :**
बिहार शिक्षा परियोजना एवं शिक्षा विभाग , कैमूर

**चेतना - सत्र**
**संसाधन सामग्री निर्माण कोषांग**
**सदस्य सह संपादकीय समूह**



**सुमित कुमार**
प्राथमिक विद्यालय डारीडीह, भभुआ, कैमूर



**शिव कुमार गुप्ता**
राजकीयकृत मध्य विद्यालय नीमी, भभुआ

सभी विद्यालयों के शिक्षक 'कैमूर चेतना – सत्र' के ग्रुप में जुड़ना सुनिश्चित करें ताकि चेतना सत्र की प्रति सभी को आसानी से प्राप्त हो

**कार्यालय, बिहार शिक्षा परियोजना**
शिक्षा भवन , भागीरथी मुक्तावकाश मंच , भभुआ (कैमूर )
पिनकोड – 821101

ईमेल –
chetnakaimur@gmail.com

# इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM)

इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) एक ऐसा उपकरण है जिसका उपयोग चुनावों में वोटों को इलेक्ट्रॉनिक रूप से दर्ज करने के लिए किया जाता है।

पहले चुनावों में कागज़ी मतपेटियों का उपयोग होता था, लेकिन अब उसकी जगह EVM ने ले ली है।

भारत में पहली बार वर्ष 1982 में केरल के परवूर विधानसभा क्षेत्र में इसका प्रयोग हुआ I वर्ष 1998 से निर्वाचन आयोग ने बड़े पैमाने पर EVM का उपयोग शुरू किया और 2004 के लोकसभा चुनाव में देशभर में केवल EVM से मतदान कराया गया I

## विकास और निर्माण:

EVM को भारत निर्वाचन आयोग की Technical Experts Committee (TEC) द्वारा दो सरकारी संस्थाओं की सहायता से विकसित किया गया -
1. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL), बैंगलोर – रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत।
2. इलेक्ट्रॉनिक कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (ECIL), हैदराबाद – परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत |

## संरचना और कार्यप्रणाली:

EVM के दो मुख्य भाग होते हैं —

1. नियंत्रण इकाई (Control Unit): मतदान अधिकारी के पास रहती है। इसमें वोटों की गिनती और नियंत्रण की व्यवस्था होती है।
2. 2. मतपत्र इकाई (Balloting Unit): यह मतदान कक्ष में रखी जाती है। मतदाता अपनी पसंद के उम्मीदवार या पार्टी के सामने नीला बटन दबाकर वोट दर्ज करता है।EVM बैटरी से संचालित होती है, इसे बिजली की आवश्यकता नहीं होती। एक मशीन में अधिकतम 2000 वोट रिकॉर्ड किए जा सकते हैं। इसमें लगी माइक्रोचिप एक बार प्रोग्राम की जाती है, जिसे पढ़ा या बदला नहीं जा सकता I

## मुख्य विशेषताएँ :

यह स्टैंडअलोन मशीन है, किसी नेटवर्क या इंटरनेट से नहीं जुड़ती I पोस्टल बैलेट जैसी अमान्य वोटों की समस्या समाप्त हो जाती है। वोटिंग तेज़, पारदर्शी और किफ़ायती बनती है। गिनती के लिए मैनुअल श्रम की आवश्यकता नहीं होती, जिससे परिणाम शीघ्र घोषित किए जा सकते हैं।

**VVPAT (Voter Verifiable Paper Audit Trail):** VVPAT एक प्रिंटर-जैसी मशीन है जो EVM से जुड़ी होती है I जब मतदाता EVM पर बटन दबाता है, तो VVPAT में 7 सेकंड के लिए एक पर्ची दिखाई देती है, जिस पर उम्मीदवार का नाम और चुनाव चिन्ह होता है। इसके बाद वह पर्ची अपने आप एक सीलबंद बॉक्स में गिर जाती है।

इसका प्रयोग पहली बार 2013 में नगालैंड के नोकसेन उपचुनाव में हुआ और 2019 के लोकसभा चुनाव में सभी सीटों पर किया गया I

## 1. प्रार्थना

### प्रार्थना

माँ शारदे कहाँ तू वीणा बजा रही हैं,
किस मंजु ज्ञान से तू जग को लुभा रही हैं,
किस भाव में भवानी तू मग्न हो रही है,
विनती नहीं हमारी क्यों माँ तू सुन रही है,
हम दीन बाल कब से विनती सुना रहें हैं,
चरणों में तेरे माता हम सर झुका रहे हैं,
हम सर झुका रहे हैं ...मां शारदे कहाँ तू, वीणा........
अज्ञान तुम हमारा माँ शीघ्र दूर कर दो,
द्रुत ज्ञान शुभ्र हम में माँ शारदे तू भर दे,
बालक सभी जगत के सूत मात हैं तुम्हारे,
प्राणों से प्रिय है हम तेरे पुत्र सब दुलारे,
तेरे पुत्र सब दुलारे .. मां शारदे कहाँ तू, वीणा.....
हमको दयामयी तू ले गोद में पढ़ाओ,
अमृत जगत का हमको माँ शारदे पिलाओ,
मातेश्वरी तू सुन ले सुंदर विनय हमारी,
करके दया तू हर ले बाधा जगत की सारी,
बाधा जगत की सारी मां शारदे कहाँ तू, वीणा.......

### बिहार राज्य गीत

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे

वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे

इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा ही दे गंग – जमन नाज करे

आधे रास्ते पे न रुक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार

ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

### छात्र – प्रतिज्ञा

भारत हमारा देश है। हम सब भारतवासी भाई-बहन हैं। हमें अपना देश प्राणों से भी प्यारा है।
इसकी समृद्धि और विविध संस्कृति पर हमें गर्व है।
हम इसके सुयोग्य अधिकारी बनने का प्रयत्न सदा करते रहेंगे।
हम अपने माता-पिता, शिक्षकों और गुरुजनों का आदर करेंगे और सब के साथ शिष्टता का व्यवहार करेंगे। हम अपने देश और देशवासियों के प्रति वफादार रहने की प्रतिज्ञा करते हैं।उनके कल्याण और समृद्धि में ही हमारा सुख निहित है।

कैमूर चेतना सत्र

### राष्ट्रगान

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत भाग्य विधाता।
पंजाब-सिन्धु-गुजरात-मराठा
द्राविड़-उत्कल-बंग
विंध्य हिमाचल यमुना गंगा
उच्छल जलधि तरंग
तब शुभ नामे जागे, तब शुभ आशीष मांगे
गाहे तब जय-गाथा।
जन-गण-मंगलदायक जय हे भारत भाग्य विधाता
जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय जय हे।।

## 2. आज का सुविचार

"सपने वो नहीं जो हम नींद में देखते हैं,सपने वो हैं जो हमें नींद नहीं आने देते।"

— डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

## 3. दिवस विशेष

**अंतर्राष्ट्रीय रेडियोलॉजी दिवस:**
यह आधुनिक चिकित्सा इमेजिंग की भूमिका को बढ़ावा देने और एक्स-रे की खोज की वर्षगांठ मनाने के लिए मनाया जाता है।

**राष्ट्रीय STEM/STEAM दिवस (अमेरिका):**
यह दिवस विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला और गणित (STEM) के क्षेत्रों में छात्रों और पेशेवरों के महत्व को बढ़ावा देता है।

## 4. आज का इतिहास

1895: जर्मन वैज्ञानिक विल्हेम कॉनराड रोंटगन ने एक प्रयोग के दौरान अनजाने में एक्स-रे की खोज की।
1922: क्रिस्टियान बर्नार्ड, जिन्होंने पहली मानव हृदय प्रत्यारोपण की शुरुआत की थी, का जन्म हुआ।
1956: संयुक्त राष्ट्र ने हंगरी से सोवियत संघ को वापस लौटने का आग्रह किया।
2008: भारत का पहला मानव रहित चंद्रयान-1 चंद्रमा की कक्षा में पहुंचा।
2016: भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 500 और 1000 के नोटों को बंद करने की घोषणा की ||

## 5. सामान्य ज्ञान

1. पहला टीका किस रोग के विरुद्ध बनाया गया था? ➡ चेचक (Smallpox)
2. टीकाकरण (Vaccination) की खोज किसने की? ➡ एडवर्ड जेनर (Edward Jenner)
3. जीवाणु सिद्धांत (Germ Theory) किसने दिया? ➡ लुई पाश्चर (Louis Pasteur)
   पेनिसिलिन की खोज किसने की थी? ➡ अलेक्ज़ेंडर फ्लेमिंग
4. एक्स-रे की खोज किसने की? ➡ विल्हेम रॉन्टजन (Wilhelm Roentgen)
5. रक्त समूह (Blood Group) की खोज किसने की थी? ➡ कार्ल लैंडस्टाइनर
6. इंसुलिन की खोज किसने की ? ➡ फ्रेडरिक बेंटिंग और चार्ल्स बेस्ट
7. डीएनए की संरचना किसने बताई थी? ➡ जेम्स वाटसन और फ्रांसिस क्रिक1
8. एमआरआई (MRI) तकनीक का आविष्कार किसने किया? ➡ रेमंड डेमाडियन
9. संज्ञाहरण (Anesthesia) की खोज किसने की थी? ➡ विलियम मॉर्टन (William Morton)
10. संज्ञाहरण किस प्रयोजन के लिए किया जाता है? ➡ ऑपरेशन के समय दर्द को रोकने के लिए1
11. स्टेथोस्कोप (Stethoscope) की खोज किसने की थी? ➡ रेने लेनेक (René Laennec)
12. रक्त संचार (Blood Circulation) की खोज किसने की? ➡ विलियम हार्वे (William Harvey)
13. माइक्रोस्कोप (Microscope) की खोज किसने की थी? ➡ ऐंटनी वॉन ल्यूवेनहॉक
14. रेबीज़ (Rabies) का टीका किसने बनाया था? ➡ लुई पाश्चर
15. पोलियो का टीका किसने बनाया था? ➡ जोनास साल्क (Jonas Salk)

## 6. भाषा ज्ञान

**शब्द युग्म**
जिन शब्दों का उच्चारण या रूप मिलता-जुलता हो लेकिन अर्थ अलग हो, उन्हें शब्द युग्म कहते हैं।

उदाहरण : कला – हुनर / कल्ला – अकेला
अधिकार – हक / अधिक्कार – नियम से अधिक

## 7. कंप्यूटर ज्ञान

**IP Address :** यह एक विशिष्ट संख्या है जो किसी कंप्यूटर या नेटवर्क डिवाइस को इंटरनेट पर पहचानने के लिए दी जाती है।

**Wi-Fi का पूरा नाम है** ➤ Wireless Fidelity

**Ctrl + P** ➤ प्रिंट करने का शॉर्टकट

## 8. तर्क ज्ञान

**यदि CUP को कोड में DVO लिखा जाता है, तो PEN को कैसे लिखा जाएगा?**

➡ उत्तर: QFO

## 9. प्रेरक प्रसंग

### पंच परमेश्वर

जुम्मन शेख और अलगू चौधरी बचपन के घनिष्ठ मित्र थे। दोनों एक-दूसरे के सुख-दुख के साथी थे। पर एक दिन जुम्मन की बूढ़ी खाला ने अपनी ज़मीन उसके नाम कर दी, इस शर्त पर कि वह जीवन भर उसका पालन-पोषण करेगा। कुछ समय बाद जुम्मन और उसकी पत्नी ने खाला की उपेक्षा शुरू कर दी।बेबस खाला ने गाँव में पंचायत बुलाई। संयोग से पंचायत का सरपंच अलगू चौधरी चुना गया। जुम्मन को विश्वास था कि अलगू उसके पक्ष में फैसला देगा, क्योंकि वे पुराने मित्र थे। परंतु जब अलगू ने मामले की सच्चाई जानी, तो उसने न्यायपूर्वक निर्णय खाला के पक्ष में दिया और कहा कि जुम्मन को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।इस फैसले से दोनों मित्रों के बीच मनमुटाव हो गया। कुछ महीनों बाद एक विवाद में अलगू पर भी झूठा मुकदमा लगा। इस बार पंचायत बुलाई गई और सरपंच बना जुम्मन शेख। सबको लगा कि अब जुम्मन बदला लेगा। लेकिन जब वह “पंच” की गद्दी पर बैठा, तो उसे अपनी अंतरात्मा ने याद दिलाया कि “पंच के मुख से भगवान बोलते हैं।” उसने निष्पक्ष निर्णय देकर अलगू को निर्दोष ठहराया।

**संदेश: यह कहानी सिखाती है कि न्याय के समय न मित्रता देखी जाती है, न वैर — केवल सत्य और धर्म का पालन ही सर्वोच्च कर्तव्य है।**

## 10. बूझो तो जानें

**“काली आँखों वाली पर न सोती,दिन-रात सबको राह दिखाती।”**

➡ उत्तर: दीपक

## 11. रोचक तथ्य


**विश्व की सबसे लंबी दीवार चीन की महान दीवार है, जिसकी लंबाई लगभग 21,196 किलोमीटर है!**

## 13. विभागीय सूचना

1. अक्टूबर माह के PBL MIP को अभी तक मात्र 62% विद्यालयों ने पूरा किया है | बाकि बचे सभी विद्यालय आज MIP को पूरा करके google लिंक को जरुर भर देंगे |

2. वीरगाथा 5.0 को सभी विद्यालय अपने अपने विद्यालयों में आयोजित करके पोर्टल अपलोड करना सुनिश्चित करें |
3. विकसित भारत बिल्ड्थान -2025 के पंजीकरण की अंतिम तिथि 08 नवंबर है अत: सभी विद्यालय जल्द से जल्द इसका पंजीकरण करके आईडिया को अपलोड करना सुनिश्चित करें |

## 14. सुरक्षित शनिवार



महीना नवम्बर

विषय :- डूबने से बचाव एवं नाव दूर्घटना के संदर्भ में जानकारी

दूसरा सप्ताह

**आओ जानें**

- प्रतिवर्ष बहुत सारे बच्चों की मौत नदी, तालाब में डूबने से होती है।
- बरसात के बाद कई जगह पानी भर जाता है, कभी–कभी बच्चे उस पानी में भी डूब जाते हैं, क्योंकि बच्चों को पानी की गहराई के बारे में पता नहीं होता है।

**जरूरी बातें**

- घर से स्कूल आने के रास्ते में अगर बरसात का पानी भरा है तो हमें उससे दूर रहना है। उसमें नहीं नहाना है।
- यदि हमें तैरना नहीं आता है तो नदी/तालाब/पोखर के खतरनाक घाटों पर स्नान करने नहीं जाना है।
- हमें पुल/पुलिया/ऊँचे टीले से पानी में कूद कर स्नान नहीं करना चाहिए।
- यदि हमें तैरना नहीं आता है तो नदी/तालाब की गहराई में उतर कर नहाने नहीं जाना है।

**घरवालों के लिए संदेश**

जब भी किसी डूबने वाले व्यक्ति को निकाला जाये तो अवश्य करें।

- यदि डूबे व्यक्ति के मुंह व नाक में कुछ फंसा है तो निकाल दें।
- जाँच ले कि डूबे हुए व्यक्ति की साँस/नब्ज चल रही है या नहीं।
- यदि प्रभावित व्यक्ति का पेट फूला हुआ है तो पूरी संभावना है कि उसने पानी पी लिया होगा। अतः पेट से पानी निकालने की प्रक्रिया शुरू करें।